आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 14.11.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :—

- सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने उत्तरकाशी में आयोजित सहकारिता मेले का शुभारंभ किया। कहा— सहकारी समितियों के उत्पाद, राज्य की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देंगे।
- कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने आपदा के चलते क्षतिग्रस्त निर्माण और लंबित पड़े कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।
- विकसित भारत 2047 की कल्पना को साकार करने के उद्देश्य से पौड़ी गढ़वाल के कोटद्वार में आत्म भारत संकल्प अभियान विषय पर महिला सम्मेलन का आयोजन।
- उत्तरकाशी जिले की नगर पालिका चिन्यालीसौड़ को समान नागरिक संहिता में शत—प्रतिशत पंजीकरण कराने पर सम्मानित किया गयझं

सहकारित मेला

सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने उत्तरकाशी जिला मुख्यालय के रामलीला मैदान में आयोजित सहकारिता मेले का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सरकार, सहकारिता क्षेत्र के आधुनिकीकरण और डिजिटलीकरण पर विशेष ध्यान दे रही है। उन्होंने युवाओं से रोजगार सृजन के लिए सहकारिता क्षेत्र से जुड़ने का आह्वान किया। डॉ. रावत ने कहा कि ऐसे मेले जागरूकता फैलाने और सहकारिता समितियों के उत्पादों को उचित मूल्य दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि यह मेला सहकारिता विभाग और जिला सहकारी बैंकों के द्वारा उत्तराखंड की सहकारिता समितियों को एक साझा मंच प्रदान करने, उनके उत्पादों को प्रदर्शित करने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है।
सहकारिता मेला 19 नवंबर तक आयोजित किया जा रहा है। मेले में प्रदर्शनी, सांस्कृतिक कार्यक्रम, कार्यशालाये, विभिन्न प्रतियोगिताएं, फूड स्टॉल के अतरिक्त विभिन्न उत्पादों और सेवाओं के स्टालों की भी व्यवस्था की गई है।

गणेश जोशी

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने आपदा के चलते क्षतिग्रस्त निर्माण व सुदृढ़ीकरण और लंबित पड़े कार्यों में तेजी लाने के लिए निर्देश दिए हैं। श्री जोशी देहरादून में विकास कार्यों के संबंध में समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने जल संस्थान, पेयजल निगम, लोक निर्माण विभाग और सिंचाई आदि विभागों के अधिकारियों के साथ विधानसभा क्षेत्र मसूरी के अन्तर्गत आपदा से क्षतिग्रस्त पेयजल योजनाओं, पेयजल लाईनों, सड़क मार्गों, पैदल मार्गों, पुलिया आदि के निर्माण व सुदृढ़ीकरण कार्यों की समीक्षा की।

कैबिनेट मंत्री ने यमुना नदी में सिल्ट आने के कारण प्रभावित मसूरी पेयजल योजना के संबंध में अपर सचिव पेयजल को निर्देश दिए कि योजना के सुचारू संचालन के लिए तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मसूरी विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत स्थित वार्डों में क्षतिग्रस्त सड़क मार्गों को भी प्राथमिकता के आधार पर दुरुस्त किया जाय। साथ ही निर्माण कार्यों में समय के साथ ही गुणवत्ता का भी विशेष ध्यान रखने को कहा।

गुब्बारा क्लिनिक

देहरादून के रायपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गुब्बारा क्लीनिक की शुरुआत हो गई है। इसे ग्लूकोज उपचार व बाल आरोग्य रक्षा अभियान के तहत गुब्बारा क्लीनिक नाम दिया गया है। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. प्रताप रावत ने बताया कि इसमें डायबिटीज टाईप वन से ग्रसित एक से 18 साल तक के बच्चों की स्क्रीनिंग और उपचार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बच्चों में पाए जाने वाली इस बीमारी के मुख्य लक्षण बहुत ज्यादा भूख लगना, ज्यादा प्यास लगना, वजन नहीं बढ़ना प्रमुख हैं।

आत्मनिर्भर भारत संकल्प

विकसित भारत 2047 की कल्पना को साकार करने के उद्देश्य से पौड़ी गढ़वाल के कोटद्वार में आत्म भारत संकल्प अभियान विषय पर महिला सम्मेलन किया गया। सम्मेलन में महिलाओं ने विभिन्न प्रकार की वस्तुओं और उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने कहा कि आज कोटद्वार क्षेत्र में दर्जनों महिला समूहों ने स्वदेशी अपनाकर विभिन्न उत्पाद और वस्तुएं तैयार कर स्वाबलंबी हो रही हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं को और अधिक मजबूत बनाने के कार्य किए जा रहे हैं।

यूसीसी पंजीकरण

उत्तरकाशी जिले की नगर पालिका चिन्यालीसौड़ को समान नागरिक संहिता— यूसीसी में शत—प्रतिशत पंजीकरण कराने पर सम्मानित किया गया। नगर पालिका सभागार में आयोजित कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी ने यूसीसी के तहत अपने क्षेत्रों में शत—प्रतिशत पंजीकरण कराने वाले सात सभासदों को सम्मानित किया। अधिशासी अधिकारी बीरेंद्र सिंह पंवार ने बताया कि यूसीसी के तहत 857 युगलों का नामांकन करवाया गया है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि जनभागीदारी, जन—जागरूकता और प्रशासनिक प्रतिबद्धता का उत्कृष्ट उदाहरण है। नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष मनोज कोहली ने बताया कि यूसीसी के शत—प्रतिशत नामांकन के लिए उनकी टीम द्वारा समय—समय पर शिविरों का आयोजन किया गया। पालिका के वाहनों द्वारा पूरे क्षेत्र में प्रचार प्रसार किया गया घर—घर संपर्क किया गया और मोबाइल के माध्यम से भी लोगों को प्रेरित किया गया।

सड़क सुरक्षा

ऊधमसिंह नगर जिला प्रशासन सड़क हादसों पर रोक लगाने के लिए गंभीर प्रयास कर रहा है। सर्दियों में कोहरे और वाहनों की अनियंत्रित गति के कारण होने वाले सड़क हादसों को रोकने के लिए प्रशासन विभिन्न प्रयास कर रहा है। इस संबंध में रुद्रपुर में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। बैठक में अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र ने अधिकारियों को सड़क के मोड़, डायवर्जनों पर कैटआई, साइनेज पर रिफ्लेक्टर लगाने के निर्देश दिये। उन्होंने परिवहन, पुलिस और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को संयुक्त निरीक्षण कर ब्लैक स्पॉट्स को चिन्हित कर सुरक्षात्मक कार्य कराने के निर्देश दिये।